17/06/1

हिंदी विकास मंच द्वारा आयोजित

राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड-2017

नाम – .... अनुक्रमांक – ....

कुल समय: 1 घंटा **कक्षा-6** **कुल अंक: 100**

निर्देश: 1) सभी प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर सही विकल्प का गोला (●) भरिए।
2) एक उत्तर के लिए दो गोले भरने व गलत उत्तर देने पर नकारात्मक (-2) अंक दिए जाएँगे।
3) प्रत्येक प्रश्न 4 अंक और प्रत्येक खंड 2 अंक का है।
4) किसी प्रश्न में कोई भी गोला नहीं भरने पर न तो अंक दिए जाएँगे न ही काटे जाएँगे।

प्रश्न 1. (क) बंदर– 1. ब्+अ+न्+द्+अ+र्+अ ○ 2. ब+न+अ+द+अ+र+अ ○ 3. ब+न+द+र ○

(ख) राम– 1. र्+आ+म्+अ ○ 2. र्+अ+म्+अ ○ 3. र+ा+म ○

प्रश्न 2. शुद्ध शब्द का गोला (●) भरिए–

(क) 1. चनदन ○ 2. चंदन ○ 3. चदंन ○

(ख) 1. पांच ○ 2. पान्च ○ 3. पाँच ○

प्रश्न 3. शुद्ध शब्द का गोला (●) भरिए–

(क) 1. परवत ○ 2. पर्वत ○ 3. पवर्त ○

(ख) 1. प्रश्न ○ 2. प्रशन ○ 3. परशन ○

प्रश्न 4. (क) दो समान व्यंजन एक साथ आने पर .... कहलाते हैं।

1. सरल ○ 2. द्वित्व ○ 3. संयुक्त ○

(ख) .... द्वित्व व्यंजन का उदाहरण है।

1. गट्ठर ○ 2. कक्षा ○ 3. खट्टा ○

प्रश्न 5. शुद्ध शब्द का गोला (●) भरिए–

(क) 1. प्राकृति ○ 2. प्रकृति ○ 3. प्रक्रति ○

(ख) 1. राष्ट्रीय ○ 2. राष्ट्रिय ○ 3. राषट्रिय ○

प्रश्न 6. रेखांकित शब्द का सही अर्थ बताइए–

(क) जग में तरह-तरह के लोग रहते हैं।

1. संसार ○ 2. बरतन ○ 3. दोनों ○

(ख) मेहनत करो फल की चिंता मत करो।

1. परिणाम ○ 2. केला, सेब आदि फल ○ 3. दोनों ○

नाम – .... अनुक्रमांक – ....

प्रश्न 7. रेखांकित अंश में सही कारक चिह्न पहचानिए–

(क) पंकज ने साँप को भगाया।

1. कर्ताकारक ○ 2. कर्मकारक ○ 3. दोनों ○

(ख) शैली कहानियों की पुस्तक पढ़ रही हैं।

1. संबंध कारक ○ 2. संप्रदान कारक ○ 3. अपादान कारक ○

प्रश्न 8. (क) गाय घास खाती है, वह .... है।

1. वाचाल ○ 2. दयालु ○ 3. शाकाहारी ○

(ख) यह फ़ोन दूसरे देश में बना है, यह .... है।

1. स्वदेशी ○ 2. विदेशी ○ 3. परदेशी ○

प्रश्न 9. (क) वह .... कार है?

1. कुछ ○ 2. किसकी ○ 3. कोई ○

(ख) हम सबने .... शाबाशी दी।

1. उसे ○ 2. उसने ○ 3. उन्होंने ○

प्रश्न 10. उपयुक्त विशेषण चुनिए–

(क) शेर के दाँत होते हैं– 1. छोटे ○ 2. कोमल ○ 3. नुकीले ○

(ख) जिराफ़ की गर्दन होती है- 1. लंबी ○ 2. मोटी ○ 3. काली ○

प्रश्न 11. क्रिया-भेद बताइए–

(क) बच्चे गाँव के तालाब में तैर रहे हैं।

1. सकर्मक क्रिया ○ 2. अकर्मक क्रिया ○ 3. दोनों ○

(ख) राहुल सो रहा है।

1. सकर्मक क्रिया ○ 2. अकर्मक क्रिया ○ 3. दोनों ○

प्रश्न 12. क्रिया-विशेषण का सही भेद बताइए–

(क) नाना जी आज आएँगें।

1. कालवाचक ○ 2. स्थानवाचक ○ 3. रीतिवाचक ○

(ख) कछुआ धीरे-धीरे चलता है।

1. रीतिवाचक ○ 2. स्थान वाचक ○ 3. कालवाचक ○

प्रश्न 13. नीचे लिखे शब्दों के तद्भव रूप बताइए–

(क) दधि– 1. दही ○ 2. दूध ○ 3. छाछ ○

(ख) कुक्कुर– 1. कुकूर ○ 2. कुकड़ ○ 3. कुत्ता ○

प्रश्न 14. विलोम शब्द (उल्टे अर्थ वाले) बताइए–

(क) सुगम– 1. दुष्कर ○ 2. दुर्गम ○ 3. दुर्लभ ○

(ख) चतुर– 1. होशियार ○ 2. मूर्ख ○ 3. चालाक ○

प्रश्न 15. पर्याय शब्द बताइए–

(क) दुख– 1. पीड़ा ○ 2. हर्ष ○ 3. गरीब ○

(ख) बादल– 1. नभ ○ 2. मेघ ○ 3. भू ○

प्रश्न 16. वचन बदलिए–

(क) पुस्तक– 1. पुस्तकें ○ 2. पुस्तकों ○ 3. पुस्तकाँ ○

(ख) छात्र– 1. छात्राँ ○ 2. छात्रवृंद ○ 3. छात्रों ○

प्रश्न 17. (क) 'नौकरानी' का पुल्लिंग है–

1. नौकरी ○ 2. नौकर ○ 3. नौकरगिरी ○

(ख) 'कवि' का स्त्रीलिंग है–

1. कविता ○ 2. कवित्री ○ 3. कवयित्री ○

प्रश्न 18. (क) किस शब्द में 'अप' उपसर्ग है?

1. अपेय ○ 2. अपराजित ○ 3. अपमान ○

(ख) 'अ' उपसर्ग वाला शब्द बताइए–

1. अपरिचित ○ 2. अनुपम ○ 3. अनबन ○

प्रश्न 19. किस शब्द में प्रत्यय लगा है, बताइए?

(क) हार– 1. उद्धार ○ 2. होनहार ○ 3. स्वीकार ○

(ख) इक– 1. फ़िक्र ○ 2. अत्यधिक ○ 3. श्रमिक ○

प्रश्न 20. अर्थ समझकर उचित शब्द भरिए-

(क) अच्छे लोग दूसरों का .... नहीं करते हैं।

1. परिहास ○ 2. उपहास ○ 3. आलोचना ○

(ख) हमें भारतीय होने पर .... है।

1. घमंड ○ 2. ज्ञान ○ 3. गर्व ○

प्रश्न 21. गिनती का सही क्रम बताओ–

(क) छब्बीस, सत्ताईस. ....।

1. तेईस ○ 2. अट्ठाईस ○ 3. पच्चीस ○

(ख) साठ, इकसठ ....।

1. बासठ ○ 2. उनसठ ○ 3. तिरसठ ○

प्रश्न 22. हिंदी महीनों का सही क्रम लिखिए–

(क) ज्येष्ठ (जेठ), आषाढ़, ...।

1. श्रावण (सावन) ○ 2. बैसाख ○ 3. भाद्रपद (भादों) ○

(ख) पौष (पूस), माघ ....।

1. कार्तिक ○ 2. मार्गशीर्ष (अगहन) ○ 3. फाल्गुन (फागुन) ○

प्रश्न 23. (क) 'अक्ल का दुश्मन' मुहावरे का अर्थ है-

1. विद्वान ○ 2. मूर्ख व्यक्ति ○ 3. नन्हा बालक ○

(ख) 'भाग जाना' के लिए मुहावरा है-

1. नाक रखना ○ 2. दिल टूट जाना ○ 3. नौ दो ग्यारह होना ○

प्रश्न 24. (क) 'धीरे-धीरे चलो'। 'धीरे-धीरे' में प्रयुक्त चिह्न है ....

1. योजक ○ 2. लाघव ○ 3. निर्देशक ○

(ख) 'यह किस प्रश्न का उत्तर है'- वाक्य में प्रयुक्त विराम चिह्न होगा–

1. अर्द्ध विराम ○ 2. प्रश्नवाचक ○ 3. निर्देशक ○

प्रश्न 25. दूसरों को दुख देना ही हिंसा है, उसके विपरीत मन से, वचन से या कर्म से दूसरों को कष्ट न पहुँचाना अहिंसा है। सभी धर्मों में अहिंसा को महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है। ऐसा कोई भी धर्म नहीं है जिसने अहिंसा के महत्व को स्वीकार न किया हो। हमारी संस्कृति का मूलाधार ही अहिंसा है। गाँधी जी ने अहिंसा के बल पर ही देश को अंग्रेजों से आज़ाद करवाया था।

उपरिलिखित गद्यांश के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विकल्पों में से चुनकर दीजिए–

(क) अहिंसा है ....

1. हथियारों से विजय पाना ○
2. निर्बल पर अत्याचार ○
3. मन, कर्म तथा वचन से किसी को कष्ट न पहुँचाना ○

(ख) अहिंसा मूलाधार है ....

1. अशांति का ○
2. भारतीय संस्कृति का ○
3. धर्म का ○